कार्यालय प्राचार्य शासकीय कन्या महाविद्यालय,सीहोर (म.प्र.)

दूरभाष एवं फेक्स :– (07562)224706 ई–मेलः–heggcseh@mp.gov.in

वेव. : www.ggcsehore.in/

दिनांक 04/10/2019

//प्रेस विज्ञप्ति//

एक दिवसीय शिविर में स्वच्छता, डेंगू, नशा मुक्ति का दिया संदेश

शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में गोद ग्राम पचामा में एक दिवसीय शिविर का आयोजन रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मंजरी अग्निहोत्री सहयोगी डॉ. प्रतिभा सोनी, जिला सगठक रासेयो डॉ. राजेश बकोरिया एवं ग्राम सरपंच श्री राजेन्द्र परमार एवं विष्णु परमार के मार्गदर्शन एवं सहयोग से पूर्ण हुआ। इस शिविर का उद्देश्य गांधी जी की 150 वी जन्मशताब्दी एवं रासेयो के स्थापना वर्ष की स्वर्ण जयन्ती के अवसर पर आयोजित कर ग्रामवासियों में स्वच्छता, नशा मुक्ति, पोषण आहार, पॉलिथिन मुक्त भारत, रक्तदान, मलेरिया एवं डेंगू से बचाव के लिए जागरूकता अभियान चलाना एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत एवं पूज्य बापू के सपनो का भारत का संदेश देना था। इस शिविर के दौरान छात्राओं ने ग्राम भ्रमण किया उक्त विषयों से संबंधित रैली निकाली रैली में नारों के माध्यम से जागरूकता संदेश फैलाया। जगह–जगह पर पोषण आहार, स्वच्छता से संबंधित नुक्कड़ नाटक भी किये जिसमें गीला कचरा हरे डिब्बे में तथा सूखा कचरा नीले डिब्बे में अलग–अलग रखने के फायदे का संदेश दिया इसी के साथ गांव में बारिश के पानी को साफ करके तथा साफ पानी को भी जमा न रहने देने की सलाह दी जिससे मौसमी भयंकर बीमारी डेंगू, मलेरिया एवं चिकनगुनिया जेसी भयानक बीमारियों से बचने की अपील की। गांधी जी का सपना पॉलीथिन एवं प्लास्टिक मुक्त भारत की पहल पर ग्रामवासियों से पॉलिथिन एवं प्लास्टिक से होने वाले नुकसान के साथ कपड़े से बने थैले का प्रयोग करने की सलाह दी। नुक्कड़ नाटक के ही माध्यम से स्वस्थ रहने के लिए आवश्यक पोषक तत्वों की जानकारी दी तथा जंक फूड एवं डिब्बा बंद खाने के इस्तेमाल पर रोक लगाने की सलाह दी। ‘‘स्वस्थ रहकर रक्तदान भी किया जा सकता है तथा तीन लोगों की जान भी बचायी जा सकती है’’ को बताकर रक्तदान का महत्व भी बताया। छात्राओं ने गांव में दिवारों पर पोस्टर लगाकर भी जागरूकता अभियान चलाया। गांव वालो के समक्ष नशा उन्मूलन हेतु नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशीले पदार्थो शराब, गुटखा, तंबाकू इत्यादि से होने वाले नुकसान को बताया तथा भविष्य में इनका सेवन न करने की अपील करते हुए शपथ ग्रहण करवायी। अंत में ग्रामीण महिलाओं एवं बच्चों के साथ गांधी जी के भजनो एवं देवी भजनो के साथ सभी स्वंयसेवकों ने शिविर का समापन किया। सम्पूर्ण शिविर में प्रिया धाड़ी, मेघा झंवर, दीप्ति परमार, मेघा सोनी, सुलोचना मेवाड़ा, अर्चना परमार, भावना व्यास, प्रिया धाड़ी, निशा मालवीय, कविता परमार, नेहा दांगी, निशा मालवीय, मधु मीना, निकिता मीना, रेखा खेलवाल, रितु, कविता, दिव्या राठौर, शिवानी, शेफाली आदि छात्राओं का विशेष सहयोग रहा।

राष्ट्रीय सेवा योजना
एक दिवसीय शिविर
शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर
सूखा कचरा

बैंक ऑफ़ इंडिया
शासकीय कन्या महाविद्यालय
सीहोर
नशा मुक्ति

राष्ट्रीय सेवा योजना
एक दिवसीय शिविर
शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर

एक दिवसीय शिविर